सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 09 जुलाई, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि)से राजभवन में श्रवण बाधित युवा कलाकार अपूर्व ओम ने मुलाकात की। इस अवसर पर युवा कलाकार ने स्वयं बनायी गयी राज्यपाल को उनकी पेंटिंग भेंट की। राज्यपाल ने उनकी कला से प्रभावित होकर प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि अपूर्व के अन्दर उच्च कोटी की कला है जिसके लिए ईश्वर का आशीर्वाद है। राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न विषयों पर उनके द्वारा बनाए गए चित्र स्वयं अपनी कहानी बयां करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अपूर्व की प्रतिभा अन्य दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। राज्यपाल ने उनसे राजभवन नैनीताल का 3डी हैंगिंग मॉडल बनाने का अनुरोध किया।

अपूर्व एक योग प्रशिक्षक, स्केच कलाकार और 2डी/3डी हैंगिंग मॉडल आर्किटेक्ट भी हैं और उन्होंने दुनिया भर की प्रमुख हस्तियों से भेंट कर उन्हें अपनी कलाकृतियां प्रस्तुत की हैं। अपूर्वको संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के लिए एक युवा अधिवक्ता के रूप में सम्मानित किया गया है। भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राज्यपाल ने उन्हें बद्रीनाथ जी की प्रतिकृति भेंट कर सम्मानित किया और हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

............0...........

सूचना परिसर राजभवन टेली0 फै0–0135.2756172